परिशिष्ट "अ"
[25/3/2022]

प्रश्न सं. [क्र. 3514]

मध्यप्रदेश शासन
लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग
मंत्रालय
वल्लभ भवन, भोपाल–462004

क्रमांक एफ MPRDC/PAM/068/CP/2022 भोपाल, दिनांक 21/01/2022

प्रति,
प्रबंध संचालक,
म0प्र0 सड़क विकास निगम,
भोपाल (म.प्र.)

विषयः–राजस्व विभाग की जिला नरसिंहपुर स्थित नरसिंहपुर बस डिपो परिसंपत्ति का निर्वर्तन।

–0–

विषयांतर्गत मंत्रि–परिषद् द्वारा **दिनांक 18.01.2022** को निर्णय लिया गया कि " राजस्व विभाग की जिला नरसिंहपुर स्थित नरसिंहपुर बस डिपो परिसंपत्ति **के निर्वर्तन हेतु आमंत्रित निविदा दिनांक 29/11/2021 में निविदाकारों की वित्तीय निविदा राशि एवं उनके द्वारा ई–नीलामी में लगाई गई बोली में से उच्चतम H–1 निविदाकार मेसर्स नर्मदा डेवलपर्स द्वारा उल्लेखित उच्चतम राशि रूपये 19,99,99,999/– (अक्षरी रूपये उन्नीस करोड़ निन्यानवे लाख निन्यानवे हजार नौ सौ निन्यानवे मात्र) का अनुमोदन किया जावे एवं निविदाकार द्वारा निविदा बोली मूल्य का 100 प्रतिशत जमा करने के उपरांत परिसम्पत्ति के निर्वर्तन हेतु अनुबंध/रजिस्ट्री के निष्पादन की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा की जावे।"**

2/ उक्त निर्णय के अनुक्रम में राजस्व विभाग की जिला नरसिंहपुर स्थित नरसिंहपुर बस डिपो परिसंपत्ति हेतु मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा निविदा की शर्तों के अनुसार अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही किये जाने एवं एच–1 निविदाकार **मेसर्स नर्मदा डेवलपर्स की निविदा बोली मूल्य राशि रूपये 19,99,99,999/– (अक्षरी रूपये उन्नीस करोड़ निन्यानवे लाख निन्यानवे हजार नौ सौ निन्यानवे मात्र)** का अनुमोदन करते हुये निविदाकार द्वारा निविदा मूल्य राशि 100 प्रतिशत जमा करा दिए जाने पर परिसम्पत्ति के निर्वर्तन हेतु अनुबंध/रजिस्ट्री के निष्पादन की कार्यवाही जिला कलेक्टर, नरसिंहपुर द्वारा किये जाने की प्रशासकीय स्वीकृति, एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(अजय नथॉनियेल)
अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन
लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग

पृ.क्रमांक एफ MPRDC/PAM/168/CP/2022 भोपाल, दिनांक 21/01/2022

प्रतिलिपिः–

1. उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय मंत्रालय म.प्र.।
2. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय भोपाल।
3. संभागीय आयुक्त, जबलपुर म.प्र.।
4. कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर म.प्र.।
5. मेसर्स नर्मदा डेवलपर्सएच–1 निविदाकार (द्वारा प्रबंध संचालक, म.प्र. सड़क विकास निगम, भोपाल/कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर)

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

6. स्टॉक फाईल

21/1/2022

अवर सचिव

मध्य प्रदेश शासन

लोक परिसम्पत्ति एवं प्रबंधन विभाग